शीतल-तोमन की जोड़ी का कीर्तिमान

विश्व रिकॉर्ड के बाद भारत को दिलाया तीरंदाजी में पहला गोल्ड

आइची नागोया (एजेंसी)। भारत की शीतल देवी और तोमन कुमार ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में इतिहास रच दिया। भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में इंडोनेशिया को 151-148 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह एशियन पैरा गेम्स की पैरा तीरंदाजी में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। इससे पहले दोनों ने क्वालिफाइंग राउंड में विश्व रिकॉर्ड बनाकर अपनी ताकत दिखाई थी।

क्वालिफाइंग राउंड में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली शीतल और तोमन की जोड़ी ने 1402 अंक बनाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। फाइनल में भी दोनों ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। भारतीय जोड़ी ने पहला सेट 38-37 से जीता और दूसरे सेट के बाद अपनी बढ़त 77-73 कर ली। इंडोनेशिया ने तीसरे सेट में एक अंक से बढ़त हासिल की, लेकिन भारतीय जोड़ी ने अपनी कुल बढ़त बरकरार रखी। आखिरी सेट में दोनों टीमों ने 38-38 अंक बनाए। इस तरह भारत ने तीन अंकों के अंतर से मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया।शीतल देवी का सफर अपने आप में प्रेरणादायक है। जन्म से दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद उन्होंने तीरंदाजी में अपनी अलग पहचान बनाई। वह धनुष को सही स्थिति में रखने के लिए पैरों का इस्तेमाल करती हैं और कंधे तथा जबड़े की मदद से डोरी खींचकर निशाना साधती हैं। वर्ष 2019 में भारतीय सेना ने उनकी प्रतिभा पहचानी। इसके बाद उन्होंने कटरा में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया। वर्ष 2023 में वह विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली दुनिया की पहली ऐसी महिला तीरंदाज बनीं, जिनके दोनों हाथ नहीं हैं। वह विश्व चैंपियनशिप और पेरिस पैरालंपिक 2024 में भी पदक जीत चुकी हैं। विश्व तीरंदाजी उन्हें दो बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुन चुकी है।



भारत ने पहले टी-20 में कीवी को हराया

नमन ने तोड़ा 17 साल पुराना रिकॉर्ड, श्रेयस ने पलटा मैच

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की है। क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने छह विकेट गंवाकर 226 रन चेज कर लिए। यह टीम इंडिया के टी20 इतिहास का सबसे सफलतम चेज है। इससे पहले भारत ने 2026 में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ रायपुर में 209 रन चेज किए थे। वहीं, 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 209 रन सफलतापूर्वक हासिल किए थे। ओवरऑल टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे सफल चेज का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है। उन्होंने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 259 रन सफलतापूर्वक चेज किए थे।

वहीं, यह न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी भी टीम का दूसरा सबसे सफल चेज है। इस मामले में नंबर एक पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसने 2018 में ईडन पार्क में कीवियों के खिलाफ 244 रन सफलतापूर्वक चेज किए थे।

नमन धीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 15 गेंदों पर नाबाद 42 रन की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में सफल रन चेज के दौरान सातवें या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। नमन ने इरफान पठान का 17 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इरफान ने 2009 में कोलंबो (आरपीएस) में श्रीलंका के खिलाफ सफल रन चेज के दौरान सातवें या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 33 रन बनाए थे।



भारत के लिए संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 33 गेंद में आठ चौके और चार छक्के की मदद से 67 रन बनाए। वहीं, अभिषेक शर्मा ने 12 गेंद में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 29 रन बनाए। अभिषेक और सैमसन ने पहले विकेट के लिए 5.5 ओवर में 93 रन जोड़े। इस धमाकेदार शुरुआत के बाद भारत ने 29 रन बनाने में चार विकेट गंवा दिए थे।

122 रन के स्कोर तक भारत के चार विकेट गिर चुके थे। अभिषेक और सैमसन के बाद तिलक वर्मा छह रन और ईशान किशन एक रन बनाकर आउट हुए थे। फिर कप्तान श्रेयस ने अक्षर पटेल के साथ मिलकर पारी संभालने की कोशिश की। दोनों ने 24 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। अक्षर 14 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हुए। फिर श्रेयस ने नमन धीर के साथ 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की। श्रेयस 28 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए।

कांस्य पदक जीतने वाली मनीषा को मिलेगा 30 लाख का इनाम

आइची नागोया (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने जापान में जारी एशियन पैरा गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास को बधाई दी है और उनकी इस उपलब्धि के लिए राज्य सरकार की ओर से 30 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मनीषा ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत के साथ मिक्स्ड डबल्स एसएल3ङ्कएसयू5 इवेंट में इंडोनेशिया की लानी रात्री ओक्टिला और जिकमत रामदानी के खिलाफ कड़े सेमीफाइनल मुकाबले के बाद ब्रॉन्ज मेडल जीता। सीएम ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भारतीय टीम को जीत की शुभकामनाएं दीं और मनीषा के प्रदर्शन की सराहना की।



सीएम विजय ने की घोषणा

उन्होंने लिखा कि मैं जापान में हो रहे 5वें पैरा एशियन गेम्स में बैडमिंटन में मिक्स्ड डबल्स एसएल3-एसयू5 कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली भारतीय टीम और तमिलनाडु की खिलाड़ी मनीषा रामदास को दिल से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। सीएम ने लिखा, %मनीषा रामदास के सम्मान में तमिलनाडु सरकार 30 लाख रुपये की बड़ी मदद देगी। यह कामयाबी मनीषा की लगन और कड़ी मेहनत को दिखाती है। उनकी कामयाबी पैरा एथलीट्स की नई पीढ़ी को आत्मविश्वास और पक्के इरादे के साथ अपने खेल के सपने पूरे करने के लिए प्रेरित करेगी। मैं उन्हें भविष्य में और भी कामयाबी की दुआ करता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे तमिलनाडु और भारत को गर्व महसूस कराएं।

अनाहत ने स्क्वैश में अपनी आदर्श आठ बार की विश्व चैंपियन को हराया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत की युवा स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए मिस्र की दिग्गज नूर एल शेरबिनी को शिकस्त दी। 18 वर्षीय अनाहत ने सिलिकॉन वैली ओपन के दूसरे दौर में दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी और आठ बार की विश्व चैंपियन एल शेरबिनी को सीधे गेम में 11-8, 11-8, 11-7 से हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने यह मुकाबला महज 30 मिनट में अपने नाम किया।



अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेले जा रहे 1,43,500 डॉलर इनामी राशि वाले पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट में एल शेरबिनी शीर्ष वरीय खिलाड़ी थीं। उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन अनाहत ने शुरुआत से ही उन्हें दबाव में रखा। भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीन गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने पहले दो गेम 11-8 के समान अंतर से जीते, जबकि तीसरे गेम में 11-7 से जीत दर्ज की। यह अनाहत के करियर की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। वह हाल ही में एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर लौटी हैं। इस प्रदर्शन से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश में अपनी बढ़ती ताकत का एक और उदाहरण पेश किया।

जीत के बाद अनाहत ने माना कि उन्हें अपनी आदर्श खिलाड़ी के खिलाफ इस तरह के नतीजे की उम्मीद नहीं थी।

प्रमोद-मनीषा की जोड़ी और सुहास एलवाई ने जीता कांस्य पदक

आइची नागोया (एजेंसी)। पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और मनीषा रामदास ने गुरुवार को यहां इंडोनेशिया के लानी रात्री ओक्टिला और जिकमत रामदानी के खिलाफ कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में मिक्स्ड डबल्स एसएल3-एसयू5 इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने एक्स पर प्रमोद और मनीषा को बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि प्रमोद भगत और मनीषा रामदास को एशियन पैरा गेम्स 2026 में बैडमिंटन मिक्स्ड डबल्स एसएल3-एसयू5 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बहुत-बहुत बधाई।भारतीय जोड़ी ने पहला गेम 21-16 से जीता, लेकिन इंडोनेशियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-13, 21-17 से जीत लिए। करीबी मुकाबले वाले निर्णायक गेम के बावजूद, इंडोनेशियाई जोड़ी ने हिम्मत बनाए रखी और मैच अपने नाम कर लिया। भगत और रामदास ब्रॉन्ज मेडल के साथ पोडियम पर रहे। फाइनल स्कोर 21-16, 13-21 और 17-21 रहा।दूसरी तरफ, सुहास लालिनाकेरे यतिराज ने इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान के खिलाफ रोमांचक सेमीफाइनल के बाद एशियन पैरा गेम्स 2026 में पुरुष एकल एसएल4 इवेंट का ब्रॉन्ज मेडल जीता। सुहास शुरुआती गेम 21-23 से हार गए, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच ज्यादा फर्क नहीं था। उन्होंने दूसरे गेम में भी वापसी की और 21-8 से जीतकर मैच को डिसाइडर बना दिया। तीसरा गेम 11-पॉइंट के मार्क तक कांटे का रहा, फिर सेतियावान ने एक और गियर ढूंढकर मैच अपने नाम कर लिया। फाइनल स्कोर 21-23, 21-8 और 15-21 रहा।

खेल मंत्री मांडविया ने दी बधाई



तैराक कपिल कुमार ने भी दिलाया पदक

आइची नागोया (एजेंसी)। भारतीय तैराक कपिल कुमार ने पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल एस10 स्पर्धा में रजत पदक जीता। 26 वर्ष के कपिल ने चार मिनट 38. 44 सेकेंड का समय लिया। जापान के अकितो मिनाइ ने एशियाई पैरा खेलों के रिकॉर्ड समय (चार मिनट 27.44 सेकेंड) के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। ईरान के शाहीन इजादयार को कांस्य पदक मिला। एस10 श्रेणी में वे तैराक होते हैं जिनमें आमतौर पर शारीरिक कमियां बहुत कम होती हैं मसलन पैरों में कमजोरी, पैर न होना, घुटने के नीचे से पैर न होना, या कूल्हों से जुड़ी समस्याएं।

वहीं, भारत के स्वातिक पटेल ने पुरुष 100 मीटर ब्रेस्ट्रोक एसबी9 वर्ग में कांस्य पदक जीता। स्वातिक ने 1ः13.77 का समय लिया और वह तीसरे स्थान पर रहे। ईरान के सिना झेघामिनेजाद ने 1ः09.47 समय के साथ स्वर्ण और ईरान के ही शाहीन इजादयार ने 1ः13.23 समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया। एसबी9 वर्ग में ऐसे खिलाड़ी शामिल होते हैं जिनमें शारीरिक अक्षमता सबसे कम होती है। शारीरिक अक्षमता के वर्गीकरण में इस वर्ग के खिलाड़ियों की क्षमता सबसे अधिक मानी जाती है। पैरालंपिक तैराकी में एस, एसबी और एसएम उपसर्ग तैराकी की अलग-अलग शैलियों को दर्शाते हैं। एस का इस्तेमाल फ्रीस्टाइल, बैकस्ट्रोक और बटरफ्लाई स्पर्धाओं के लिए, एसबी का ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धाओं के लिए और एसएम का व्यक्तिगत मेडले स्पर्धाओं के लिए किया जाता है।

दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी46 वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

आइची नागोया (एजेंसी)। दिलीप गावित ने शानदार प्रदर्शन कर पुरुष 400 मीटर टी46 वर्ग में स्वर्ण पदक दिलाया है। इसी वर्ग में भाविककुमार भरवाड़ ने रजत पदक अपने नाम किया। दिलीप ने 48.27 सेकेंड का समय लिया और पहले स्थान पर रहे। वहीं, भाविककुमार ने 49.31 सेकेंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर फिनिश किया। जापान के काकेरु इशिदा ने 49.58 सेकेंड के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

भारत के सोलाईराज धर्मराज ने पुरुष लॉन्ग जम्प टी44/टी62/टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सोलाईराज ने 7.15 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण जीता जो नया एशियन रिकॉर्ड भी है। धर्मराज ने दूसरे प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

वलासानी रवानी ने महिला 400 मीटर टी11 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। रवानी ने 1ः03.64 मिनट का समय लिया और अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया। चीन की ही शांगशान ने 1ः00.07 मिनट के समय के साथ स्वर्ण और थाईलैंड की सुनीपोर्न तानोमवोंग ने 1ः00.19 मिनट का समय लेकर रजत पदक जीता। इस तरह भारत के कुल पदकों की संख्या 86 हो गई है।



भारत के तेजस नंदकुमार ने पुरुष 100 मीटर एस7 तैराकी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। तेजस 1ः18.58 का समय लिया और वह तीसरे स्थान पर रहे। चीन के जिंगसोंग रुआन ने 1ः12.16 का समय लेकर स्वर्ण जीता। ये पैरा एशियन गेम्स का नया रिकॉर्ड भी है। वहीं, सिंगापुर के वेई सोंग तोह ने 1ः16.09 का समय लेकर रजत पदक अपने नाम किया।

रवि कार्तिक बुडिगिना ने पुरुष 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 वर्ग में भारत को कांस्य पदक दिलाया।

रवि 25.89 सेकेंड का समय लेकर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहे और उन्होंने पदक सुनिश्चित किया। वहीं, उज्बेकिस्तान के इगोर बोलोतोव ने 24.39 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण और इंडोनेशिया के याविआंदा रिफ्की मौलाना ने 25.51 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक अपने नाम किया।

भारत के स्वातिक पटेल ने पुरुष 100 मीटर ब्रेस्ट्रोक एसबी9 वर्ग में कांस्य पदक जीता। स्वातिक ने 1ः13.77 का समय लिया और वह तीसरे स्थान पर रहे। ईरान के सिना झेघामिनेजाद ने 1ः09.47 समय के साथ स्वर्ण और ईरान के ही शाहीन इजादयार ने 1ः13.23 समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया। भारत ने इस तरह अब तक 84 पदक अपने नाम कर लिए हैं और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

अंजनाबेन बंबाडिया ने महिला 400 मीटर वर्ग में दिलाया स्वर्ण पदक



आइची नागोया (एजेंसी)। भारत की अंजनाबेन बुंबाडिया ने पैरा एशियन गेम्स में महिलाओं की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में गुरुवार को स्वर्ण पदक जीता, जबकि जयंती बेहेडा को रजत पदक मिला। बुंबाडिया ने 59. 97 सेकेंड का समय निकाला और चार खिलाड़ियों में एक मिनट से कम का समय निकालने वाली अकेली प्रतियोगी रही। बेहेडा ने एक मिनट 00.65 सेकेंड का समय लिया। थाईलैंड की सासिरावान इंताचोत ने एक मिनट 02.58 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। महिला 400 मीटर टी12 स्पर्धा में दृष्टिबाधित तेजलबेन दामोर ने 57. 60 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता जो इन खेलों में उनका दूसरा पदक है। उन्होंने 200 मीटर टी12 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। टी47 श्रेणी में वे एथलीट आते हैं जिनकी कोहनी के नीचे से बाजू या कलाई कटी हुई है या ऊपरी अंग में कोई ऐसी ही कमी या खराबी है जिससे एक बाजू प्रभावित होती है।

गोवा के खिलाफ बिहार को मिली हार

पटना। राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए कोल सी.के. नायडू ट्रॉफी (एलीट) के मुकाबले में गोवा अंडर-23 टीम ने बिहार अंडर-23 को 174 रन से हार का सामना करना पड़ा। 19 से 22 अक्टूबर तक चले इस चार दिवसीय मुकाबले को गोवा ने जीत दर्ज कर अपने कर लिया। मैच में गोवा अंडर-23 ने पहली पारी में 295 रन बनाए। इसके जवाब में बिहार की टीम पहली पारी में 204 रन ही बना सकी। पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करने के बाद गोवा ने दूसरी पारी में 205 रन बनाए और बिहार के सामने जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार अंडर-23 की टीम दूसरी पारी में 122 रन पर आउट हो गई। इस तरह गोवा ने मुकाबला 174 रन से अपने नाम कर लिया।



बिहार टेबुल टेनिस संघ का चुनाव आज

पटना। बिहार टेबल टेनिस संघ की सत्र 2026-2030 की कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव शुक्रवार, 23 अक्टूबर को पटना के एग्जीबिशन रोड चौराहे स्थित होटल अकिला (द नेक्सस) में आयोजित किया जाएगा। चुनाव के दौरान संघ के विभिन्न पदों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होगी। यह जानकारी बिहार टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार सिंह एवं सचिव श्री राजीव रतन सिंह ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता श्री पतंजलि ऋषि को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई), बिहार राज्य खेल प्राधिकरण तथा बिहार ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे।

भारत-न्यूजीलैंड मैत्री के सौ वर्ष पर अंडर-20 रग्बी सीरीज की मेजबानी करेगा बिहार

दोनों देशों की पुरुष एवं महिला टीमें पहुंचीं पटना, भारतीय टीमों में बिहार के सात खिलाड़ियों को मिला मौका राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होंगे मुकाबले, मिक्स्ड मैचों में दोनों देशों के खिलाड़ी बनायेंगे संयुक्त टीमें

बिहारशरीफ। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बिहार एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रहा है। 'खेल के माध्यम से एकता के 100 वर्ष' पहल के तहत 23 से 28 अक्टूबर तक राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत-न्यूजीलैंड अंडर-20 रग्बी सीरीज का आयोजन किया जाएगा। सीरीज के मुख्य मुक. ाबले 27 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इस आयोजन में दोनों देशों के युवा खिलाड़ी खेल प्रतिस्पर्धा के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी सहयोग का संदेश देंगे। सीरीज में भाग लेने के लिए भारत और न्यूजीलैंड की अंडर-20 पुरुष एवं महिला टीमें बिहार पहुंच चुकी हैं। गुरुवार को पटना हवाई अड्डे पर न्यूजीलैंड की टीमों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। अपने प्रवास के दौरान दोनों देशों के खिलाड़ी संयुक्त प्रशिक्षण सत्रों में हिस्सा लेंगे और खेल तकनीक, अनुभव तथा संस्कृति को साझा करेंगे।

इस सीरीज की खास बात यह है कि न्यूजीलैंड की अंडर-20 रग्बी टीमें पहली बार इस तरह के आयोजन के लिए भारत आई हैं। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 'तामा तोआ' और महिला टीम 'हिने तोआ' में विभिन्न क्षेत्रों से चयनित कुल 24 युवा माओरी खिलाड़ी शामिल हैं। यह आयोजन दोनों देशों के ऐतिहासिक खेल संबंधों को नई मजबूती देने के साथ युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा। भारतीय अंडर-20 पुरुष एवं महिला टीमों में बिहार के सात खिलाड़ियों का चयन राज्य के लिए गौरव की बात है। पुरुष टीम में बजरंगी कुमार और रोहित कुमार शामिल हैं, जबकि महिला टीम में अल्पना कुमारी, आरती कुमारी, ब्यूटी कुमारी और सलोनी कुमारी को जगह मिली है। सागर प्रकाश भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। सागर प्रकाश, अल्पना कुमारी और आरती कुमारी वर्ष 2025 में बिहार में आयोजित एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 सेवन्स चौंपियनशिप में भारतीय टीमों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।



27 अक्टूबर को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रग्बी सेवन्स के चार मुकाबले खेले जाएंगे। इनमें भारत और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमों तथा महिला टीमों के बीच मुकाबले के अलावा दो मिक्स्ड मैच शामिल होंगे। मिक्स्ड मुकाबलों में दोनों देशों के खिलाड़ी मिलकर संयुक्त टीमें बनाएंगे। इस पहल का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के साथ खेल भावना, सहयोग और अंतरराष्ट्रीय मैत्री को बढ़ावा देना है।

राजगीर बड़े रग्बी आयोजनों के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। यहां अगस्त 2025 में एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 चौंपियनशिप और अप्रैल 2026 में सीनियर नेशनल रग्बी चौंपियनशिप आयोजित की गई थी। भारत-न्यूजीलैंड सीरीज की मेजबानी से बिहार के खेल बुनियादी ढांचे और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की क्षमता को और पहचान मिलेगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक-सह-सीईओ रवींद्रण शंकरण ने कहा कि इस सीरीज की मेजबानी बिहार और राजगीर के लिए गर्व का अवसर है।

इससे अंतरराष्ट्रीय खेल संबंध मजबूत होंगे, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और राज्य के युवाओं को रग्बी अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होना ऐतिहासिक उपलब्धि है।

भारतीय अंडर-20 रग्बी टीमों की सूची

पुरुष टीम: अजीत नाग, अमन, अरुण प्रजापति, बजरंगी कुमार, भरत किसान, विद्याधर माझी, चरण हेम्ब्रम, नमन यादव, प्रणव गावित, पुष्पेंद्र, राहुल माझी, राजन रावत, रोहित कुमार, सागर प्रकाश, शिवम और सुभाष हांसदा।

महिला टीम: अक्षया एन.एस., अल्पना कुमारी, अनीता मुर्मू, अनुष्का सकांल, आरती कुमारी, ब्यूटी कुमारी, दीपाली ताथे, खुशी देवी, कीर्ति जाधव, अदिति लोंढे, मामाली सिंह, रायमानी मुर्मू, सलोनी कुमारी, समृद्धि कदम, सुमित्रा मुर्मू और तनुश्री भोसले।

आरूज के चार विकेट से रॉयल रूल्स जीता

पटना। सीएबी ग्राउंड पर खेले जा रहे द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर-13

ट्रैम्फैंट भी अंतिम आठ में

क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को रॉयल रूल्स और ट्रैम्फैंट सीसी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पहले प्री-क्वार्टरफाइनल में रॉयल रूल्स ने कृष एससीए एकादश को तीन विकेट से हराया। वहीं, दूसरे मुकाबले में ट्रैम्फैंट सीसी ने राजू वॉल्स एकादश को पांच विकेट से मात दी। रॉयल रूल्स की जीत में आरूज नवाब खान ने गेंद से अहम भूमिका निभाते हुए चार विकेट चटकाए, जबकि ट्रैम्फैंट की जीत के हीरो प्रिंस राज रहे, जिन्होंने चार विकेट लेने के साथ नाबाद 19 रन भी बनाए। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी रॉयल रूल्स ने कृष एससीए एकादश को 20.5 ओवर में 108 रन पर समेट दिया। कृष की ओर से हर्ष ने सर्वाधिक 17 रन बनाए, जबकि आदित्य सिंह ने 11 रन का योगदान दिया। रॉयल रूल्स के आरूज नवाब खान ने पांच ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल रूल्स की टीम ने 18.3 ओवर में सात विकेट पर 109 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान आदित्य राज ने 24, मौर्य ने 18 और आदित्य सैनी ने नाबाद 28 रन बनाए। अतिरिक्त के रूप में मिले 17 रन भी टीम के काम आए। गेंद और मैच के रुख पर प्रभाव डालने वाले आरूज नवाब खान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे प्री-क्वार्टरफाइनल में टॉस जीतकर ट्रैम्फैंट सीसी ने राजू वॉल्स एकादश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। राजू वॉल्स ने निर्धारित 21 ओवर में आठ विकेट पर 119 रन बनाए। आयुष्मान जैन ने 18, जबकि आदर्श नाथ और कप्तान सार्थक राज ने 23-23 रन बनाए। टीम के स्कोर में अतिरिक्त के 41 रन का भी योगदान रहा। ट्रैम्फैंट की ओर से प्रिंस राज ने पांच ओवर में 18 रन देकर चार विकेट झटके और एक मेडन ओवर भी फेंका।



द्वितीय विमला देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

जवाब में ट्रैम्फैंट सीसी ने 17.4 ओवर में पांच विकेट पर 120 रन बनाकर पांच विकेट से जीत दर्ज की। आकर्ष राज ने 31, विकेटकीपर बल्लेबाज स्पर्श ने 21 और प्रिंस राज ने नाबाद 19 रन बनाए। राहुल ने 10 रन का योगदान दिया, जबकि अतिरिक्त के 34 रन भी अहम रहे। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रिंस राज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।